संख्या- 114 /2025 / 970 /चार-2025-1775153

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 24 मार्च, 2025**

विषय- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के रेनोवेशन एवं इंटीरियर कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-5910/सं0नि0-6(16)/2023-24 दिनांक 19 मार्च, 2025, पत्र संख्या-5732/सं0नि0-6(16)/2023-24 दिनांक 07 मार्च, 2025 तथा निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के पत्र संख्या-8284/प्रेक्षागृह जीर्णोद्धार /2024-25, दिनांक 06 मार्च, 2025 के संदर्भ में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या- 34 /2024 / 7631 /चार-2023-1775153 दिनांक 16.01.2024 द्वारा भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के रेनोवेशन एवं इंटीरियर कार्य हेतु रू0 2210.03 लाख की प्रशासकीय एवं रू0 552.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के रेनोवेशन एवं इंटीरियर कार्य हेतु रू0 2210.03 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में **रू0 1000.00 लाख (रूपये दस करोड़ मात्र)** की धनराशि निर्गत करने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) शासनादेश संख्या- 34 /2024 / 7631 /चार-2023-1775153 दिनांक 16.01.2024 में उल्लिखित शर्तें यथावत् रहेंगी।
(2) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(3) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/ मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/ मद हेतु किया जायेगा।
(4) प्रश्नगत स्वीकृति संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ का होगा।
(5) संस्कृति निदेशालय द्वारा धनराशि कोषागार से आहरित कर संबंधित कार्यदायी संस्था- सी0 एंड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम के बैंक खाते में उपलब्ध करायी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3. उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय -18- भारतेन्दु नाट्य अकादमी के प्रेक्षागृहों का निर्माण -24-वृहत् निर्माण कार्य मद के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या- 114 /2025 / 970 (1) /चार-2025-1775153 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. महाप्रबंधक (नि0-8/नि0-5/ नो), सी0एंडडी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), लखनऊ।
6. परियोजना प्रबंधक, यूनिट-13, सी0 एंड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), लखनऊ।
7. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार,जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ।
9. वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।